दिनांकः 21.04.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर से

आम चुनाव के दूसरे चरण के लिए प्रदेश में विभिन्न राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारकों की जनसभाओं और रोड़ शो का सिलसिला लगातार जारी है। सभी नेता अपने–अपने प्रत्याशियों के लिए समर्थन जुटाने की हर मुमकिन कोशिश कर रहे हैं। इसी कड़ी में अब से कुछ देर बाद भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भीनमाल पहुंचेंगे। वे जालौर–सिरोही लोकसभा सीट से पार्टी प्रत्याशी लुंबाराम चौधरी के समर्थन में आमसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद श्री मोदी बांसवाड़ा में चुनावी रैली को संबोधित कर पार्टी प्रत्याशी महेन्द्रजीत सिंह मालवीय के लिए जनसभा करेंगे। वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा आज टोंक–सवाईमाधोपुर सीट पर पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में मालपुरा में जनसभा कर रहे हैं। श्री डोटासरा अजमेर और चित्तौड़गढ़ लोकसभा क्षेत्रों में भी चुनावी दौरे कर आम सभाओं को संबोधित करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत आज सांचौर के चीतलवाना, जालौर के रानीवाड़ा और बाड़मेर के सिवाना में चुनावी सभाएं करेंगे। आम चुनाव के दूसरे चरण में प्रदेश की 13 संसदीय सीटों पर 26 अप्रैल को मतदान होगा।

....

लोकसभा चुनाव से संबंधित कांग्रेस केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक नई दिल्ली के पार्टी मुख्यालय में जारी है। बैठक में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी और अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद हैं। पंजाब से पार्टी के वरिष्ठ नेता भी इस बैठक में भाग ले रहे हैं।

....

मतदाता जागरुकता के लिए मनाये जा रहे सतरंगी सप्ताह के तहत आज पीले रंग की छटा बिखरी हुई है। ''मताधिकार का प्रयोग करेंगे–वोट करेंगे वोट करेंगे'' नारे के साथ वोटर रैलियां और फ्लैश मॉब आयोजित किये जा रहे हैं। इसके तहत बाड़मेर में युवा और शहरी क्षेत्र के मतदाताओं को विशेष रूप से प्रेरित किया जा रहा है। सवाईमाधोपुर में मतदान रैली निकाली गयी और सभी प्रतिभागियों को मतदान की शपथ दिलवाई गयी। वहीं आओ बूथ चलें अभियान के तहत आज मतदान केन्द्रों पर वोटर स्लिप और गाइड का वितरण किया जा रहा है।

....

महावीर जयंती के अवसर आज देशभर में विभिन्न आयोजन हो रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित भगवान महावीर के 2 हजार 550वें निर्वाण महोत्सव का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने स्मारक सिक्का और डाक टिकट जारी किया। अपने संबोधन में श्री मोदी ने कहा कि आज पूरी दुनिया वैश्विक शांति के लिए भारत की ओर देख रही है।
ऐसे में हमारे तीर्थंकरों की शिक्षाएं बहुत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि भारत सत्य, अहिंसा और करूणा के मूल्यों का प्रसार कर रहा है। प्रदेशभर में भगवान महावीर स्वामी के जन्मोत्सव को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर प्रभातफेरी और शोभायात्राओं के साथ ही अहिंसा वाहन रैलियों के आयोजन किये जा रहे हैं। जैन समुदाय के प्रमुख आस्था धाम श्रीमहावीर जी में भी कई कार्यक्रम हो रहे हैं। महोत्सव में भाग लेने के लिए देशभर से श्रद्धालु जुटे हैं। बूंदी में शोभायात्रा का विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। बीकानेर में भी जैन तीर्थंकर महावीर स्वामी की जयंती के मौके पर अहिंसा रैली निकाली गयी और सामयिक, उपवास और नवकार मंत्र जाप सहित कई कार्यक्रम हो रहे हैं। इस अवसर पर बाड़मेर में शोभायात्रा निकाली जा रही है और विभिन्न प्रतियोगिताएं रखी गयी हैं। राजधानी जयपुर में भी भगवान महावीर के जयकारे गूंजे। राजस्थान जैन सभा की ओर से रामलीला मैदान में संतों के सानिध्य में धर्मसभा का आयोजन रखा गया है।

....

प्रदेश में आज नए पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव बना हुआ है। इसके असर से भीलवाड़ा में सुबह से ही घने बादल छाए हुए हैं और ठंडी हवाओं का दौर जारी है। मौसम केन्द्र जयपुर से मिली जानकारी के अनुसार दोपहर बाद जोधपुर और बीकानेर संभाग में भी कहीं—कहीं तेज हवाएं चलने और हल्की बारिश के आसार हैं।
पश्चिमी विक्षोभ के असर से जयपुर, भरतपुर, जोधपुर और बीकानेर संभाग में कल भी कुछ स्थानों पर हल्की बरसात हो सकती है। इस बीच, प्रदेश में कल अधिकतम तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गयी। अधिकांश स्थानों पर अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। हालांकि कोटा में पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार रिकॉर्ड हुआ।

....

यू.जी.सी. नेट परीक्षा के लिए आज से ऑनलाइन पंजीकरण शुरू हो गया है। 16 जून को होने वाली इस परीक्षा के लिए 10 मई तक रजिस्ट्रेशन किया जा सकेगा।

....